an>

Title: Need to make river Mandakini in Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh pollution-free.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र)बांदा:(मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा)उत्तर प्रदेश (के अन्तर्गत बहने वाली पवित्र मंदाकिनी नदी में जल स्तर बहुत ही कम हो गया है । कर्वी के पास पवित्र तीर्थ स्थल सर्पकुण्ड तक जो जल है वह बहुत प्रदूषित है और स्नान करने लायक नहीं है । यहाँ तक कि इससे चलने वाली पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हो गई हैं । मामला गंभीर है। अस्तु सरकार से अनुरोध है कि मंदाकिनी नदी में रामघाट चित्रकूट तथा कर्वी के पास एक-एक सफाई मशीन शीघ्र ही भेजने एवं खुदाई करके इसमें जमा सिल्ट आदि को हटाने व श्रोतों को खोलने हेतु यथाशीघ्र योजना बनाई जाए ।